हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

04 कुओं की मुंडेर बनवाने सरपंच, पटवारी ...



07 रामनवमी: मंदिरों में दिन भर चलता रहा हवन पूजन...





**खबर संक्षेप**

### एसएसटी, एफएसटी की जप्ती रिलीज करने के लिए समिति गठित

**नलखेड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने लोकसभा निर्वाचन -2024 के दौरान एसएसटी, एफएसटी टीम द्वारा जप्ती रिलीज करने हेतु सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है। समिति में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण आरपी वर्मा एवं जिला कोषालय अधिकारी मनीष सिंह सदस्य होंगे।

### चौराहे पर बैठे युवक को मैजिक ने रौंदा, मौत

**इछावर।** मैजिक वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उसकी भोपाल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी तेजपाल बागरी का 30 वर्षीय पुत्र मुकेश मोहल्ले के चौराहे पर बैठा हुआ था। वहीं रोड पर एक मैजिक वाहन खड़ा हुआ था। अचानक मैजिक ड्राइवर ने वाहन को रिवर्स किया और मुकेश को चपेट में ले लिया। इस घटना में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पहले सिविल अस्पताल इछावर लाया गया। यहां से भोपाल के लिए रेफर कर दिया गया। भोपाल ले आते समय मुकेश की मृत्यु हो गई।

### संशोधित परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**सीहोर।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा 2023 की संशोधित परीक्षा योजना जारी की है। इसके तहत यह पेपर 3 घंटे का होगा। पेपर 2 भागों में ए और बी में विभक्त रहेगा। इसमें से पार्ट-ए मप्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान और कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान शामिल है।

### लोकसभा चुनाव तैयारियों और राजस्व संबंधी कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

### स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण चुनाव के लिए आयोग के दिशा-निर्देशों का कढ़ाई से करें पालन- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में चल रहे लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, राजस्व वसूली, सीमांकन, बटवारा, नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार एवं तहसीलवार की समीक्षा भी की।

कलेक्टर सिंह ने ईडीसी, पोस्टल बैलेट के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों को डाक मतपत्र, ईडीसी जारी करने एवं इन मतदाताओं के लिए बनाए जा रहे सुविधा केंद्र के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन और ऐसे दिव्यांगजन जो मतदान केंद्र जाने में अक्षम हों, उन्हें होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने होम वोटिंग, पोस्टल बैलेट वोटिंग के नियमों का पालन करते हुए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनसे संबद्ध मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने और वहां छाया, पानी, बिजली, शौचालय आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सुविधाओं में कोई कमी हो तो उसे समय पूर्व दुरूस्त करा लें। कलेक्टर ने मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री, मेडिकल किट, वाहन की उपलब्धता, रूट चार्ट, ईव्हीएम मशीन के वितरण एवं संग्रहण में पार्किंग व्यवस्था इत्यादि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में मतदान दलों के प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप प्रशिक्षण देने की बात कही। साथ ही उन्होंने सुविधा केन्द्र में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने सहित निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत किए जा रहे मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी लेते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वीप के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिवसों में स्वीप अंतर्गत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने तथा विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान तिथि 07 एवं 13 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवैध सामग्रियों पर लगातार निगरानी रखने तथा स्थैतिक निगरानी दल की टीम को सतर्कता एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

### ओवरब्रिज की उखड़ी गिट्टी अब तार तक दिखने लगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के लुनिया चौराहे से मंडी क्षेत्र की ओर जाने के लिए करीब 5 साल पहले रेल लाइन के ऊपर 14 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया। इस रेलवे ओवर ब्रिज में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में कई जगहों पर सरिए भी निकल आए हैं। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से निकलने वाले वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं अन्य जगहों पर गड्ढे होना शुरू हो चुके हैं।

करीब डेढ़ साल की अवधि में बनने वाले इस मंडी रेलवे ओवर ब्रिज पर धीमी गति से निर्माण कार्य के चलते इस बनकर तैयार होने में करीब छह साल लगे थे। इस बीच मंडी व श्यामपुर क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था। करीब पांच साल पहले ओवर ब्रिज से आवागमन शुरू हुआ था, लेकिन इसमें से करीब दो माह बाद ही सीमेंट और गिट्टी निकलना शुरू हो गई थी। इसके कई बार इसकी मरम्मत भी की गई, लेकिन हर बार उनकी सीमेंट और गिट्टी उखड़ जाती है, जिससे वापस से गड्ढे दिखाई देने लगते हैं। वहीं वाहनों के निकलने में भी परेशानी होती है। वहीं ब्रिज के ऊपर से भारी वाहनों के निकलते समय तो परेशानी और भी अधिक परेशानी होती है। दो ओवरब्रिज का निर्माण शुरू अब शहर के पास दो नए रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इनमें एक ओवर ब्रिज फंदा फाटक पास बनाया जा रहा है, जिसका काम शुरू हो चुका है। वहीं दूसरा ओवर ब्रिज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास रेलवे फाटक के पास बनाया जाएगा। अभी दोनों ही जगहों पर प्रतिदिन फाटक बंद होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है, लेकिन दोनों ही जगहों पर ओवर ब्रिज का निर्माण होने के बाद लोगों को यहां से निकलते समय रूकना नहीं पड़ेगा।

### फेक न्यूज की हो रही मॉनिटरिंग

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 101 में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन सेंटर बनाया गया है। यहां प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार से संबंधित विज्ञापनों, पेड न्यूज, फेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। बता दें कि पैड न्यूज, फेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन की कोई सूचना या समाचार प्रकाशित व प्रसारित होने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। पेड न्यूज की मॉनीटरिंग के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

## नई शिक्षा नीति में समर कैंप जैसी गतिविधियां भी अनिवार्यः बीईओ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आगामी सत्र में शिक्षण के साथ अन्य गतिविधियों को करवाना अनिवार्य होगा। समर कैंप जैसा वर्ग प्रत्येक विद्यालय में आयोजित करना होगा। नई शिक्षा नीति में शिक्षण के साथ साथ अन्य गतिविधियो पर भी ध्यान देना होगा। उक्त विचार स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माधवकुंज में ग्रीष्मकालीन गतिविधियों के अंतर्गत चल रहे समर कैंप के छठवें दिन गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश त्रिवेदी द्वारा व्यक्त किये गए। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रेरक प्रसंग के माध्यम से भैया बहिनों में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास करने के लिए कहा। समर कैंप में भैया बहिन शूटिंग विधा में भाग लेकर शूटिंग करना सीख रहे है। जिसमे एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करके हम अपने लक्ष्य को भेद सकते है। उसी प्रकार अपने जीवन का लक्ष्य भी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र पण्डिया द्वारा की गई। समर केम्प में अन्य विद्यालयों के 70 भैया बहिन भाग ले कर विभिन्न विधाओं में सम्मिलित हो रहे है। कार्यक्रम का संचालन कमल नागर एवं आभार सुनील कुंभकार ने व्यक्त किया।



## कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**नलखेड़ा।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा रही है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटो ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

### जब्तशुदा चावल 109.35 क्विंटल का विक्रय के लिए खुली नीलामी 23 अप्रैल को

**सीहोर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा ने जानकारी दी कि प्रकरण क्र.8 एवं प्रकरण क्र 13 में न्यायालय कलेक्टर सीहोर द्वारा पारित आदेश के तहत जप्तशुदा चावल 88.85 एवं 20.50 क्विंटल 109.35 क्विंटल की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23 अप्रैल को समय दोपहर 12 बजे **MPWLC** कार्यालय शासकीय गोदाम क्रमांक 04 पानी की टंकी के पास कन्नौद रोड आष्टा में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

## भारतीय किसान संघ की शत प्रतिशत सदस्यता के लिए दस मई तक लक्ष्य लिया गया है

### 65 गांव में सदस्यता संपन्न हुई, भाकिसं की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय किसान संघ की ब्लॉक इकाई नलखेड़ा की विशेष बैठक ब्लॉक अध्यक्ष उमेश पाटीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक प्रांतीय कार्यालय मंत्री रमेश दांगी, मालवा प्रांत के संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी और जिला अध्यक्ष रामनाराण तेजरा की उपस्थिति में हुई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्र हित में हो मतदान,हर गांव से हर गली से हो शत प्रतिशत मतदान,आगामी योजना महिलाओं की विशेष बैठक अप्रैल माह में संपन्न हो पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि अभी तक 65 गांव में भारतीय किसान संघ की सदस्यता संपन्न हुई है। शत प्रतिशत सदस्यता के लिए आगामी 10 मई तक लक्ष्य लिया गया है।




बैठक में ब्लॉक मंत्री नारायण सिंह जोधा, जगदीश, नंदकिशोर, प्रेम नारायण, दुर्गा प्रसाद, ओमप्रकाश, राधेश्याम,गोवर्धन लाल एवं तहसील कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी परमानंद पाटीदार द्वारा दी गई।

**नवरात्रि के अंतिम दिवस...**

## मां बगलामुखी की गामोट परिवार ने की पूजा-अर्चना



**नलखेड़ा।** विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर नगर के गामोठ परिवार द्वारा नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर्व पर मां बगलामुखी का सामूहिक पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया गया। नगर में स्थित पीतांबरा सिद्ध पीठ में बगलामुखी मंदिर पर दोनों नवरात्रि पर्व के दौरान नगर का गामोठ परिवार कई पीढ़ियों से पर्व के अंतिम दिवस नवमी पर मां बगलामुखी की विधि विधान के साथ परिवार सहित सामूहिक पूजा अर्चना करते हैं। इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस बुधवार को गामोठ परिवार द्वारा माता रानी की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना माता रानी से की गई।

**भंडारे में सिंगल यूज प्लास्टिक का नहीं किया गया उपयोग**

# स्वच्छता की मिसाल बना पीताम्बरा सेवा समिति का भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



सरकारों द्वारा प्रतिवर्ष स्वच्छता पर करोड़ो रूपये खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन इतने वर्षों बाद भी शासकीय मशीनरी स्वच्छता के लक्ष्य को पाने में कामयाब दिखाई नहीं दे रही है। वहीं स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर के समीप नवरात्रि पर्व के दौरान पीताम्बरा सेवा समिति का भंडारा परिसर जहां प्रतिदिन 25 से 50 हजार भक्त भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हो और कचरा अथवा गंदगी का नामोनिशान नहीं मिले तो उस परिसर को स्वच्छता की मिसाल ही कहा जा सकता है। चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा स्वयं के भंडारा परिसर में निशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां सुबह 10 बजे कन्या भोज के साथ भंडारा प्रारम्भ होकर रात्रि 11 बजे तक अनवरत चलता रहता था। इस दौरान प्रतिदिन जहां 800 से 1100 कन्याओं का भोज एवं लगभग 25 से 50 हजार भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की जाती थी। इतनी बड़ी संख्या में भोजन प्रसादी ग्रहण करने के बाद भी भंडारा परिसर में कही भी कचरा अथवा गंदगी दिखाई नही देती थी। प्रातः 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक सेवादार व समिति सदस्य स्वयं सफाई कार्य मे जुटे रहते थे। जिसके चलते परिसर में हमेशा स्वच्छता बनी रहती थी।

सबसे बड़ी बात यह है कि सम्पूर्ण नवरात्रि के दौरान भंडारा परिसर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं होता है। भक्तों को भोजन प्रसादी ग्रहण करने के लिए स्टील की प्लेट व कटोरी उपलब्ध करवाई जाती है वहीं कन्याओं को भी स्टील की थाली, कटोरी में भोजन करवाया जाता है और पानी पीने के लिए भी स्टील के गिलास उपलब्ध करवाए जाते है। ऐसे में स्वच्छता के साथ ही पर्यावरण का भी ध्यान यहां रखा जाता है।

परिसर में स्वच्छता की तारीफ देश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे भक्तों द्वारा भी की गई। महाराष्ट्र से पधारे दर्शनार्थी सुधीर वानखेड़े ने कहा कि इतने छोटे स्थान पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता देखकर बहुत अच्छा लगा। गुजरात के बजुभाई पटेल ने कहा कि परिसर में एक समय मे एक साथ इतनी संख्या में भोजन ग्रहण करने के बाद भी आपको कही पर भी गंदगी दिखाई नही दे रही है यह एक बेहद सुखद है।

निश्चित रूप से अन्य प्रांतों से आये भक्तों की यह तारीफ समिति सदस्यों के लिए स्वच्छता के प्रति उत्साहित करने वाली तो है ही इससे वे परिसर के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित कर सकेंगे। सरकार जहां स्थानीय निकायों को रेटिंग के आधार पर स्वच्छता प्रमाण पत्र प्रदान करती है वही स्थानीय निकाय प्रति वर्ष स्वच्छ परिसर के प्रमाण पत्र प्रदान करती है। ऐसे में देश भर के भक्तों की तारीफ बटोर कर स्वच्छता की मिसाल बने इस परिसर को भी शासन स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### धरोहर संरक्षण आव्हान 26 मई को होगा चुनाव

**देवास।** क्षत्रिय मराठा समाज ट्रस्ट देवास के कार्यकारिणी मंडल द्वारा ट्रस्टियों का चुनाव आगामी 26 मई को होने जा रहा है। संस्था की स्थापना सन 1916 में महाराज नारायण राव पवार के कार्यकाल में श्री नारायण मराठा एक्य संवर्धन समाज के नाम से की गयी थी। संस्था का उद्देश्य समाज उत्थान, देश भक्ति, सर्वधर्म समभाव को जागृत रखना तथा भारतीय संस्कृति एवं इतिहास से समाज को अवगत कराना आदि है। संस्था का इतिहास रहा है कि नवीन कार्यकारिणी मंडल का गठन सर्वसम्मति से होता आ रहा है ताकि समाज में संघर्ष व वैमनस्य की स्थिति निर्मित न हो। समाज अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने समाजजनों से निवेदन किया है कि 26 मई को दोपहर 3 बजे सभा में अवश्य उपस्थित होकर समाज में बंधुत्व भाव को बल प्रदान करें। इसी दिन देवास नगर के प्राचीन ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण हेतु जन जागरण अभियान का प्रस्तावना की जाएगी।

### अभियान के तहत मतदान की शपथ ली

**देवास।** स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विभिन्न स्थानों पर महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले एवं महिलाओं द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली जा रही है।

### कंट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक आयोजित

# कुओं की मुंडेर बनवाने सरपंच, पटवारी सचिव व आरआई को करें फोनः गुप्ता

**बैठक में कलेक्टर ने पीएचई विभाग के आधिकारियों को जिले में बंद पड़े बोरिंग रिचार्ज करने के दिए निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कंट्रोल रूम कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, लोक सेवा प्रबंधक सौरभ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले में खुले बोरवेल को बंद करने और बिना मुंडेर के कुओं की मुंडेर बनवाने के लिए कंट्रोल रूम से नियमित रूप से ग्राम के सरपंच, पटवारी, सचिव और आरआई को फोन करें। पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि जिले में बंद पडे बोरिंग रिचार्ज करने के लिए कार्यवाही करें। कलेक्टर गुप्ता ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिये कि जिले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से प्रतिमाह फोन पर सम्पर्क करें और प्रति माह सीएचओ और बीएमओ से रिपोर्ट लें। एनआरसी और सेम बच्चों को गोद लेने के लिए सरपंच के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित करें। पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन नल जल योजनाओं में जहां भी सड़क खुदी है, वहां मरम्मत का कार्य करें। कार्य पूर्ण होने पर समिति को हेण्ड ऑवर करें और जल कर भी वसूल करें। कंट्रोल रूम से नियमित रूप से इंजीनियर और ठेकेदार से फोन पर संपर्क किया जाये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिये कि स्कूलों में जनभागीदारी से फर्नीचर प्राप्त करें।



### हरनावदा में कुएं की मुंडेर नहीं बनाने पर एफआईआर

जिले में खेतों की मेड़ पर कुआं निर्मित किया जाता है लेकिन उसकी मुंडेर नहीं बनाई जाती है। जिसके फल स्वरुप छोटे बच्चों, आम जनता एवं पशुओं के कुएं में गिरने की एवं जनहानि होने की संभावना रहती है। ऐसे भूमि स्वामियों को चिन्हित कर उन पर धारा 188 व अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। इसी के तहत जनपद पंचायत टोंकखुर्द के ग्राम हरनावदा में कूप मालिकों के विरुद्ध थाना टोंकखुर्द में अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें ग्राम हरनावदा निवासी कुलदीप पिता अशोक जोशी, सीताबाई पति आनंद, प्रयागसिंह पिता तकेसिंह और संपतबाई पति जगदीश पर कार्रवाई करते हुए धारा 188 एवं अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।



फाईल फोटो

# कार से 350 पाव मदिरा जब्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार


### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार व सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग कार्रवाई कर रहा है। आबकारी विभाग दल द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम धायडी के पास सतवास-खातेगांव रोड पर कार की विधिवत तलाशी लेने पर कार से गत्ते की पेटियों में 350 पाव देशी मदिरा प्लेन के जप्त किए गए। जप्त की गई मदिरा की कुल मात्रा 63 बल्क लीटर है। आरोपी रामनारायण निवासी धायडी को मौके से गिरफ्तार किया गया। मदिरा की मात्रा 50 बल्क लीटर से अधिक होने के कारण आरोपी के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मदिरा एवं कार का अनुमानित बाजार मूल्य 01 लाख 24 हजार 500 रूपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद वृत्त कन्नौद एवम हमराह आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री रहे, प्रकरण में आरक्षक शंकर लाल परते की सराहनीय भूमिका रही।

# 21 दिनों के लिए बंद हुआ अंडरपास




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाईन मेढकी रोड रेलवे ओवरब्रिज के समीप कुछ दिन पहले ही बनकर तैयार हुआ अंडरपास गुरुवार से 8 मई तक के लिए बंद कर दिया गया। पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद अंडरपास की दीवारों से पानी निकलने लगा था। साथ ही सीसी रोड भी खराब हो गई थी, जिसके कारण रेलवे ने फिर से इसकी मरम्मत करने का निर्णय लिया है। 18 अप्रैल से 8 मई तक 21 दिन के लिए अंडरपास से यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। गुरुवार को रेलवे प्रशासन की तरफ से अंडरपास वाले भाग पर सूचना पटल लगाकर मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पवार ने बताया कि एक माह पूर्व रेलवे अधिकारियों द्वारा इस अंडरपास को शुरू किया गया था, जिसके बाद 12 अप्रैल को जब तेज बारिश हुई तो इसकी दीवारों से पानी प्रेशर से निकलकर अंदर आ रहा था। इससे निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है। गुणवत्ताहीन कार्य हुआ है। मेरा मानना है कि इस निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।

# रोटरी क्लब देवास ने गंधर्वपुरी में कराई 35 ब्लड यूनिट दान




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सतत सेवा कार्य के लिए तत्पर रोटरी अंतरराष्ट्रीय की इकाई रोटरी क्लब देवास द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप गंधर्वपुरी में आयोजित किया गया। अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि इस कैंप में गंधर्वपुरी के नव जवानों व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 35 लोगों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब देवास द्वारा रक्तदान दाताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। क्लब के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। क्लब का लक्ष्य इस वर्ष 1000 ब्लड यूनिट्स प्रदान करने का है। अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने यह भी जानकारी दी की रोटरी क्लब अगले माह 24 अप्रैल को निशुल्क मोतियाबिंद शिविर लगाने जा रहा है जिससे कई लोग लाभान्वित होंगे। इस शिविर मे सीनियर रोटेरियन संदीप भटनागर, सुधीर पंडित, इवेंट चेयरमैन डॉक्टर जितेंद्र कुशवाहा, सचिव स्वप्निल वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

# प्राईम हॉस्पिटल देवास ने सोनकच्छ में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्राईम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर देवास द्वारा रुद्र पैलेस, सोनकच्छ मे निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर में प्राईम हॉस्पिटल के कंसघल्टिंग फिजिशियन, हृदय, श्वास एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार चिल्लौरिया द्वारा मरिजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सलाह दी गई। इस अवसर पर प्राईम होस्पिटल के डॉ. महेन्द्र सिंह राणा, डॉ. मायाराम चौहान, अनिता जोगवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी दानिश मंसूरी ने दी।

# नवरात्रि में जन्मी बच्चियों का जिला अस्पताल में पूजन कर उनकी माताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चैत्र नवरात्रि महापर्व के प्रथम दिवस से नवमी अंतिम दिवस तक जन्मी नवजात बच्चियो का श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय के जच्चा-बच्चा वार्ड पहुंचकर बच्चियों का पूजन-अर्चन, वस्त्र भेंट करते हुए माताओ को मिठाई खिलाकर सम्मान किया व बेटी जन्म पर बधाई दी। सचिव घनश्याम मोदी ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मधुसूदन मिश्रा के मार्गदर्शन एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी रॉबिन दयाल, एड. पंकज वाघ के विशेष आतिथ्य में श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति ने बच्चियों के जन्म के साथ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी जिला चिकित्सालय परिसर में किया। अतिथियों ने नवरात्रि में जन्मी बच्चियों को वस्त्र भेंटकर चुनरी ओढ़ाई एवं माताओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान रूक्मणि परमार ने कहा कि बेटियां माता रानी का स्वरूप होती है।

इन बेटियों में से न जाने कौन सी बेटी किस देवी के रूप में दर्शन दे दे। नवरात्रि के दिनो में ही नही बच्चियों का सम्मान होना चाहिए, बल्कि वर्ष भर उनका सम्मान होना चाहिए। इस अवसर पर नर्सिंग स्टॉफ पदमा विश्वकर्मा, रागिनी मिश्रा, राधा पंचोली, पूजा सिरोलिया, प्रीति घोघरकर, सुनीता मोर्या, अन्नु पटेल, सुष्मिता पटेल, रूक्मणि मेहरा, शीतल जुलियस, अंशु दत्ता, सुनीता जैन, रश्मि पाण्डेकर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकलेगी साइकिल रैली


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तापमान में वृद्धि के साथ स्वीप गतिविधियों में भी वृद्धि हो रही है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर एवं जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिलाधीश ऋषव गुप्ता के निर्देशन और सीइओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में मतदाताओं तक सकारात्मक संदेश पहुंचाने के लिए स्वीप की नगर प्रभारी स्मिता रावल के नेतृत्व में जिला पंचायत कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित साइकिल रैली की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। रैली प्रातः 7 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, घंटाघर, जनता बैंक, नयापुरा, नाहर दरवाजा, भोपाल चौराहा, बस स्टेण्ड, उज्जैन रोड तिराहा होते हुए पुनः सयाजी द्वारा पहुंचकर समाप्त होगी। रैली प्रारंभ होने के पूर्व मतदान की शपथ दिलाई जाएगी। साइकिल रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं सहित साइकिल एसोसिएशन, विभिन्न खेल संगठनों के सदस्य एवं खिलाड़ी तथा आम नागरिक भाग लेकर मतदाताओं से मतदान की अपील करेंगे। बैठक में इंदु भारती कार्यपालन यंत्री नगर निगम, जावेद पठान युवा समन्वयक खेल विभाग, अभिमन्यु यादव खेल अधिकारी शिक्षा विभाग, संदीप जाधव और पवन यादव साइकिलिंग एसोसिएशन, राजवीर ठाकुर, शैलेन्द्र चंद्रवंशी और रश्मि ठाकुर सेंडी अकादमी तथा डॉ. रजनीश पोरवाल एवं प्रसून पंड्या स्वीपदल सदस्य उपस्थित रहे।



### श्रीराम कथा में रामनवमी के दिन ही मनाया गया भगवान श्री राम जन्मोत्सव

# राम ने सत्ता में धर्म के साथ रामराज्य स्थापित किया: साध्वी ऋतुम्भरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चैत्री नवरात्रि पर कैलादेवी मंदिर में हो रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम नवमी के पर्व पर कथा प्रसंग में राम जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें देश की महान आध्यात्मिक प्रवक्ता राम मंदिर निर्माण के नीव की पत्थर साध्वी ऋतुम्भरा दीदी मां ने कथा सभा में वर्चुअल रूप से उपस्थित होकर राम भक्त एवं श्रोताओं को राम जन्म महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि प्रभु राम ने सत्ता के लिए राज नहीं किया, सत्ता में धर्म के साथ राम राज्य स्थापित किया है। जब तक सनातन है, तब तक मेरे प्रभु राम है। आज प्रभु श्रीराम के मस्तक पर सूर्य ने हस्ताक्षर कर यह सिद्ध कर दिया कि भारत में राम राज्य का उदय हो चुका है। साथ ही कथा आयोजक मन्नुलाल गर्ग की अपार आस्था को साधुवाद देते हुए कैलादेवी मंदिर समिति और आयोजकों के प्रति क्षमा व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं नहीं आ पाई, पर भविष्य में में देवास जरूर आउंगी। साध्वी सत्यप्रिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी राम भक्त सत्यप्रिया की कथा से मंत्र मुग्ध हो रहे है यह मेरे लिए गौरव की बात है। राम कथा में प्रभु श्रीराम के अवतार का वर्णन करते हुए व्यासपीठ से साध्वी सत्यप्रिया ने माता पार्वती द्वारा भगवान शंकर से श्रीराम कथा श्रवण करने का वर्णन बड़ी ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। आपने कहा कि निर्गुण और सगुण एक ही हैं। निर्गुण का एक स्वरूप नहीं होता, सगुण का होना बिना कारण नहीं होता। धरती पर जब भी पाप बढ़ता है धर्म और धैर्य की हानि होती है तब सज्जनों की पीड़ हरने के लिए हरि अवतार लेते हैं। कथा प्रसंग में जीवन कल्याण के अनेक सूत्रों को सरलता से व्यक्त करते हुए आपने श्रोताओं को बांधे रखा। साथ ही भजनों की सुंदर प्रस्तुति से कथा को आनंदमय बनाया। कथा के तीसरे दिन राम जन्मोत्सव की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। राष्ट्रीय कवि देव कृष्ण द्वारा रामलला की लिखी गई आरती के साथ प्रभु राम की आरती हुई। कथा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित थे।

# निशान यात्रा के साथ हुआ विवाह सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बुधवार को बालाजी नवयुवक उत्सव समिति व्दारा रामनवमी पर बेहरी फाटे से बेहरी मार्ग स्थित मनकामनेश्वर हनुमान भोमियाजी मंदिर तक खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। युवा हाथों में सालासर व खाटू से लाए निशान को घोड़ी पर सवार लेकर चल रहे थे। बैंडबाजे व डीजे पर श्रद्धालु झूमते हुए दिखाई दिए। इस उत्सव के साथ ही15 जोड़ों का निःशुल्क विवाह विधि-विधान से सम्मेलन के रूप में आयोजित किया गया।समिति ने वर-वधु पक्ष का स्वागत किया। वर पक्ष को वधु पक्ष की ओर से समिति ने कन्यादान किया। आयोजन में बेहरी सहित नयापुरा, छतरपुरा, गुराड़ियाकलां, नेवरी, चांसिया, शिवपुर मुंडला, बुदासा, सीहोर, इंदौर व शाजापुर जिले से भी वर-वधु शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा वरिष्ठ बद्रीलाल पाटीदार,पुर्व जनपद सदस्य घनश्याम पाटीदार का सम्मान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर 21 को लगेगा रक्तदान शिविर

**आष्टा।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनि संघ के पावन सानिध्य में 21 अप्रैल को सुबह 7 बजे किला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं जादूगर ग्रुप द्वारा सुभाष चौक पर दोपहर 2 से 5 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर रविवार 21 अप्रैल को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से परम पूज्य वात्सल्य भाव के धनी समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा स्वर्ण रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो किला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस किला मंदिर पर पहुंचेगी। वहां पर पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन होंगे। डॉक्टर नेहा अरोरा ने बताया कि 21 अप्रैल को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सुभाष चौक नजर गंज पर जादूगर ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाता रक्तदान करें।

## नवरात्रि के अंतिम दिन भंडारे में उमड़ा सैलाब

**सीहोर।** शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन है और इस दिन मां भगवती की 9वीं शक्ति मां सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया, इस मौके पर बुधवार की सुबह चार बजे से ही यहां पर भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात्रि तक जारी रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई।

### साईं मंदिर में हुआ भंडारा, निकली पालकी, सेंधव समाज ने निकाली शोभायात्रा


# रामनवमी: मंदिरों में दिन भर चलता रहा हवन पूजन, महाआरती और भंडारों का सिलसिला





राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान राम के मंदिरों में सजावट के साथ विशेष पूजा-अर्चना हवन पूजन की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



बुधवार को राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान राम के मंदिरों में सजावट के साथ विशेष पूजा-अर्चना हवन पूजन की गई। बुधवार को 12 बजते ही बुधवारा स्थित राम मंदिर में आरती हुई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के राम मंदिरों में दिन भर भक्तों की भीड़ उमड़ी।

### शौर्य समिति ने निकाली शोभा यात्रा

माँ पार्वती की नगरी आष्टा में सैंधव क्षत्रिय राजपूत युवा संगठन,शौर्य समिति आष्टा ने रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। बुधवार सुबह गायत्री मन्दिर आष्टा पर सैकड़ो की संख्या में समाजिक वरिष्ठजन, युवा जन इक्कठे होकर, नगर के मुख्यमार्ग से केसरिया पगड़ी पहने जय श्रीराम के जयजयकार करते हुए शौर्य यात्रा के रूप में निकले। इस दौरान श्रीराम भक्ति गीतों की संगीतमय आवाज पर शौर्य यात्रा में शामिल भक्त अपने पैरों को थिरकने से नही रोक सकें ने का मन मोह लिया। दोपहर 12 बजे भगवान रामलला का जन्म होने पर जय श्रीराम के जयघोष से श्रीराम सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज छात्रावास प्रांगण गूंज उठा और लोगों ने एक दूसरे को भगवान श्री राम के जन्म उत्सव की बधाई देकर आरती की एवं भोजनप्रसादी ग्रहण की। सफल आयोजन के लिए समिति अध्यक्ष शेलेन्द्र ठाकुर ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपा प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा,रुपेश राठौड़ सहित समस्त नगर के गणमान्य लोगों का आभार माना जिन्होंने मंचीय स्वागत किया, इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह मकवाणा,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह अगेर,मान सिंह इलाही,सूरज सिंह ठाकुर,पोपसिंह ठाकुर,हरपालसिंह ठाकुर, जितेंद्र शोभाखेड़ी,दशरथसिंह ठाकुर,गोपाल सिंह ठाकुर,विजेंद्रसिंह ठाकुर,कृपाल पाटाड़ा,हरिसिंह ठाकुर,जीवन सिंह ठाकुर,तेज सिंह ठाकुर,धीरजसिंह ठाकुर,लोकेंद्र भाटी,पुष्पेंद्र ठाकुर,नरेंद्र ठाकुर,अकेसिंह ठाकुर,जय सिंह ठाकुर,जयपाल ठाकुर,अर्जुन ठाकुर,धर्मेंद्र ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, चेतन ठाकुर, गोलू ठाकुर, गजराज सिंह ठाकुर,हरेन सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर सैकड़ोंकी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति आयोजन में शामिल हुए, कार्यक्रम का सफल संचालन जीवन सिंह ठाकुर अध्यापक और पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया और अंत में आभार लोकेन्द्रसिंह सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

### साईं मंदिर में हुआ भंडारा

राम नवमी के पावन पर्व पर साईं कॉलोनी स्थित साईं मंदिर में भी कई आयोजन हुए। इस अवसर पर श्रद्धालु साईं भजनों पर नाचते-गाते नजर आए। मंदिर गुरु सीताराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह प्रातः काल में दूध, चंदन, हल्दी, गुलाब फुल जल से साईं बाबा का भव्य अभिषेक हुआ।घर में सुख समृद्धि और नगर में सुख शांति के लिए श्रद्धालुओं ने दोपहर में हुए हवन में दुख व कष्ट के निवारण हेतु यज्ञ में आहुति दी। साथ ही साईं बाबा के दर्शन कर सुख समृद्धि और घर के मंगलमय की कामना भी की। वहीं इसी के साथ सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण किया।

### नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई साईं बाबा की भव्य पालकी

साईं बाबा की पालकी दोपहर 4 बजे साईं मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य जुलूस के रूप में प्रारंभ हुई। जिसमें श्रद्धालु साईं भजनों पर झूमते नजर आए। साईं बाबा की भव्य पालकी का नगर में जगह- जगह नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। इसी के साथ पालकी नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः साईं मंदिर पहुंची।






## लापरवाही: चरनाल के मुख्य मार्ग पर हुआ बड़ा गड्ढा

**यात्री सहित रहवासी हो रहे परेशान**



**दाराहा/अहमदपुर।** बस स्टैंड के पास इस तरह मार्ग हो रहा जर्जर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दोराहा/अहमदपुर

जिले के अहमदपुर से सटे लगे चरनाल में चरनाल बस स्टैंड पर प्रधानमंत्री सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है। ग्रामीणों को यहां से निकलने में परेशानी हो रही है। राहगीर और यहां के दुकानदार बड़े परेशान है। गड्ढे के कारण यहां पर दुर्घटनाएं हो रही है। अनेक लोग घायल हो गए हैं। सड़क पर भरा पानी दलदल में बदल गया है। चरनाल बस स्टैंड के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर चरनाल हिगोनी सड़क पर बड़ा गड्ढा है। इस गड्ढे में पानी भरा रहता है। चरनाल बस स्टैंड पर दुकानदारों और चरनाल गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर पानी निकालने के लिए नाली भी नहीं बनाई गई है।

इसके कारण यहां पानी सड़क पर गड्ढे में ही भरा रहता है। समय के साथ पानी कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिसके कारण यहां पर दलदल हो गया है। ग्रामीण जब यहां से निकलते हैं तो इस गड्ढे को समझ नहीं पाते हैं और वहां पर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसके बावजूद यहां पर सुधार नहीं हुआ है। जिसके कारण राहगीर यहां से निकलने के लिए मजबूर है। चरनाल के लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क तो बना दी गई है। लेकिन इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जिम्मेदारों को इस संबंध में अवगत करा दिया है। लेकिन इसके बाद भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है।

### गड्ढा यात्रियों के लिए बन रह मुसीबत का कारण

चरनाल से हिंगोनी को जोड़ने वाली सड़क चरनाल के बस स्टैंड से होकर गुजरी है। चरनाल के बस स्टैंड पर बना बड़ा गद्दा आने वाले यात्रियों के लिए भी मुसीबत का कारण बन रहा है। दूर दराज और आसपास के गांव के लोग जब चरनाल बस स्टैंड पर पहुंचते हैं तो इस गड्ढे से होकर गुजरते हैं ऐसा यात्रियों का कहना है, बस स्टैंड पर बैंक ऑफ़ इंडिया भी मौजूद है। आसपास के ग्रामीण जब बैंक में पैसा निकालने और जमा करने जाते हैं तब भी इसी गड्ढे से होकर गुजरते हैं। वहीं बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं का भी यह कहना है कि गड्ढा इतना बड़ा हो गया है कि अगर अनजान आदमी इस रास्ते से गुजर जाए तो दुर्घटना का शिकार हो जाता है। ग्रामीणों ने सड़क को ठीक करने की मांग की है।

### महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर रक्तदान शिविर

**आष्टा।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनि संघ के सानिध्य में 21 अप्रैल को किला मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं जादूगर ग्रुप द्वारा सुभाष चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जन्म कल्याणक महोत्सव पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा स्वर्ण रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## प्रभु की कृपा ही समाज व व्यक्ति की प्रगति का प्रमुख कारण है: परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




गत एक सप्ताह से आष्टा के कुशवाह समाज के मंदिर में श्री राधाकृष्ण, श्री राम दरबार, शिव लिंग के साथ ही कुलदेवता प्रभु लव कुश की प्रतिमाओं की स्थापना हेतु प्राण प्रतिष्ठा समारोह, हरिहर यज्ञ के साथ ही श्री मद भागवत कथा का आयोजन सफलता पूर्वक संचालित होकर समापन हुआ।

इस अवसर पर सामूहिक भंडारे के साथ ही सम्मान समारोह का आयोजन भी कुशवाह समाज ने आयोजित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार का समाज पटेल मनोज कुशवाह, पूर्व पार्षद माखन कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष कुशवाह समाज कैलाश कुशवाह, आयोजन समिति के सदस्य हुकुम चंद्र कुशवाह, अजीत कुशवाह, मिश्रीलाल कुशवाह, गोकुल कुशवाह, भीमा कुशवाह, मीडिया प्रभारी बलराम कुशवाह ने सम्मान पत्र तथा स्वागत दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। साथ ही प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अपने उद बोधन में कहा की कुशवाह समाज अत्यंत ही मेहनत कश है। इस समाज ने स्वयं के संसाधनों से त्रि स्तरीय कार्यक्रम एक सप्ताह से कर समूचे आष्टा को भक्ति के रंग से सरोबार कर दिया है। आयोजन से हर घर में प्रभु की साधना आराधना हुई है और यही शक्ति हम सब की प्रगति में सहायक होगी।

परमार ने आगे कहा की प्रभु ही एकमात्र सहारा है इस सच्चाई को हमेशा स्मृति में रखना चाहिए। इस आयोजन को नगर पुरोहित मनीष पाठक, डॉ दीपेश पाठक ने अपने शास्त्र ज्ञान से धार्मिक रूप से निर्विधिन सम्पन्न कराया है। पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने कुशवाह समाज को बधाई देकर सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## जावर में लाखनदेव के दरबार में लगा भक्तों का मेला






हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

मां नेवज नदी के तट पर बाबा लाखन देव के दरबार में नवमी के दिन लगा भक्तों का मेला आस्था और विश्वास का संगम है। भक्तों का मेला अधिक भक्त अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने के बाद बाबा लाखन के दर्शन करने पहुंच रहे है। इसी दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लिया। वहीं समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। बाबा लाखन के यहां राम नवमी के दिन गोद भराई और लखवा के लोगों की परेशानी दुर की गई। दरबार में जिले सेहित प्रदेश के दुसरे जिलों से भी दुर-दुर से भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे। बाबा लाखन देव का दरबार आस्था और विश्वास का कैंद्र बना हुआ है।

### मुनि पुण्य सागर महाराज का नगर प्रवेश, जैन मंदिर में दिए गए आशिर्वचन

# जन्म लिया है तो मरण भी होगा: पुण्य सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



संसार का नियम है जन्म लिया है तो मरण भी होगा।आष्टा में साधु- संतों का आना-जाना लगा रहता है,सानिध्य मिलता है। यहां पहले ही 3 साधु विराजित हैं, 19 साधु और मिल गए,सोने पर सुहागा हो गया। जैन साधु- संत पद बिहारी होते है।जब साधु -संतों का मिलन होता है तो बहुत ही अदभुत क्षण होता है,काफी प्रसन्नता होती है। गुरु का वियोग इन रत्नाधारी के चेहरे पर नजर आ रहा है। माता- पिता एवं गुरु का वियोग होने पर बहुत कमी महसूस होती हैं,अपने से बड़ों की महिमा बहुत है।जब गुरु का आशीर्वाद बरसता है तो शिष्य का कायाकल्प हो जाता है। मुनि, आचार्य भगवंतों का सानिध्य प्राप्त होता रहेगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर नगर प्रवेश के पश्चात आशीष वचन देते हुए आचार्य अजीत सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुण्य सागर महाराज एवं मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहीं। मंगलवार को सुबह मुनि पुण्य सागर महाराज सहित 19 पिच्छी का संघ का नगर प्रवेश कालौनी चौराहा से हुआ।

प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि पुण्य सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि स्वप्न में भी हमने आष्टा भंवरा जाने का नहीं सोचा था, लेकिन संयोग बने।हम अपने पिता तुल्य गुरुदेव अजीत सागर महाराज की जन्म भूमि भंवरा में है यह पता थी,हम वहां पर पहुंचे,वह जन्म स्थली स्वर्ग के समान है। जन्म स्थली को भूलना नहीं चाहिए। संयम का मार्ग गुरु ने प्रारंभ किया। चतुर्थ पटाधीश के रूप में अजीत सागर महाराज जाने जाते हैं।आष्टा में साधु- संतों का आना-जाना लगा रहता है। सानिध्य मिलता है।सोने में सुहागा, 19 साधु और मिल गए। तीन संत पहले से है। जैन साधु- संत पद बिहारी है।

आपने कहा जब साधु -संतों का मिलन होता है तो काफी प्रसन्नता होती है। गुरु का वियोग इन रत्नाधारी के चेहरे पर नजर आ रहा है। माता- पिता एवं गुरु का वियोग होने पर अनाथ जैसे हो जाते हैं,अपने से बड़ों की महिमा बहुत है।जब गुरु का आशीर्वाद बरसता है तो शिष्य का कायाकल्प हो जाता है।संसार का नियम है जन्म लेना और मरण करना। दुनिया में अनेक कला है। गुरु हमारे पथ प्रदर्शक है।मरण को शुमरण बनाना है तो गुरु जरूरी है। अनेक साधुओं ने समाधि मरण किया है। अनगिनत बार मर चुके हैं,सुमरण, सम्यक दर्शन करने की आवश्यकता है।इस पावन स्थल पर मुनि भूतबलि सागर महाराज ने समाधि मरण करके अपना जीवन सुधार लिया।हम भी समाधि मरण करें। गुरु के बिना मोक्ष मार्ग प्रशस्त नहीं। गुरु के बिना जीवन शून्य, अधूरा है। मुनि श्री ने कहा आष्टा में 40--50 वृति है।यह संतों के सानिध्य के कारण। संग्रहित पूंजी को चारों दानों में लगाएं।अपने जीवन के अंदर भाग्य को जगाएं। दिगंबर अवस्था प्राप्त करना है तभी कल्याण होगा। गुरु भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती है। आचार्य शांति सागर महाराज के कारण आज संतों के दर्शन पूरे देश में मिल रहे हैं। मैं तो गुरु आपको छोटी सी नदी पार करा रहा हूं आप मुझे संसार समुद्र से पार करा देना।जीवन में देव,शास्त्र,गुरु का सानिध्य मिला है।उसे प्राप्त कर अपना जीवन सफल करें। मुनि सागर महाराज ने कहा मुनियों, आचार्य भगवंतों का सानिध्य हमेशा मिलता रहेगा।आप सभी भाग्यशाली और पुण्य शाली भी है। आचार्य अजीत सागर महाराज के दर्शन नहीं हुए लेकिन उनके शिष्य पुण्य सागर महाराज के समीप बैठ कर ऐसा लग रहा है कि हम अजीत सागर महाराज के पास बैठे हैं। हमें रत्नात्रय अंगीकार करना होगा।बाल ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी ने कहा कि आष्टा में आदिनाथ भगवान की प्रतिमा देखकर अभिभूत हुए।

बहुत ही चमत्कारी प्रतिमा है। आष्टा बहुत धर्म प्रिय नगरी है। हमारी भूमि से अजीत सागर महाराज जन्में, उनके दर्शन आप लोगों ने नहीं करें,लेकिन आज उनके शिष्य मंच पर है।38 वर्ष पहले पुण्य सागर महाराज जी को अजीत सागर महाराज ने दीक्षा दी। एक गुरु ने रत्न दिया है। किसी के पास धन, परिवार का खजाना है हमारे गुरु अजीत सागर महाराज के पास ज्ञान का खजाना है।सौरभ मति माताजी को 37 वर्ष दीक्षा लिए हो गए। णमोकार महामंत्र के नौ रत्न आज मंच पर है। भंवरा के लोगों की इच्छा थी भंवरा में गुरु मंदिर बनें। गुरुदेव ने आशिर्वाद दिया, वहां भव्य गुरु मंदिर बनेगा। गुरु भक्ति हमेशा करते रहे। भादों मास जैसे पर्यूषण महापर्व का नजारा किला मंदिर पर दिख रहा है।

### ढोल-ढमाके के साथ नगर प्रवेश

मुनिश्री पुण्य सागर महाराज का ससंघ नगर प्रवेश कालोनी चौराहा से हुआ। समाज के बच्चों के बैंड एवं ढोल ढमाके के साथ गल चौराहा,बुधवारा, गुप्ता गली से बड़ा बाजार होते हुए किला मंदिर पर पहुंचे। कदम - कदम पर मुनिश्री पुण्य सागर महाराज का पग प्रक्षालन किया गया। किला मंदिर पर मुनि संघ के संघपति गुवहाटी निवासी सुधीर जैन, विकास जैन का समाजजनों ने शाल - श्रीफल भेंट कर स्वागत और सम्मान किया गया।

## बीआईटी के छात्र लक्ष्य ने पैदल यात्रा कर महाकाल के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

बीआईटी के छात्र लक्ष्य तय किया था कि वो बाबा महांकाल के दर्शन के लिये भोपाल से उज्जैन तक पैदल ही जायेगा। जब लक्ष्य तय कर लिया और मन मे पूरा विश्वास था तो लक्ष्य भी पूरा हो ही गया। मूलतः दिल्ली के रहने वाले बीआईटी के छात्र लक्ष्य त्यागी ने एक लक्ष्य के तहत भोपाल से उज्जैन 186 किलोमीटर पैदल यात्रा कर बाबा महाकाल के दर्शन किए । आष्टा पहुचने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बाबा के भक्त का स्वागत सम्मान किया ओर उन्हें शुभकामना दी। उपस्तिथ जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष चन्दर सिंह राजपूत, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिलशर्मा, नगर अध्यक्ष मोहित प्रजापति, नगर मंत्री मोहित जैन लक्ष्यपति, नगर सुरक्षा प्रमुख अमन जैन,नगर धर्म प्रचार प्रसार दीपक मंडोरिया, आदित्य जैन, भानु पालीवाल आदि कार्यकर्ताओ ने लक्ष्य का पुष्पमाला पहना कर स्वागत सम्मान किया एवं मिठाई खिलाई।

### पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप- हमें करंट लगने की बात बताई

# सिविल सर्विस में चयन का सपना टूटा, महिला ने मौत को लगाया गले!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-खिलचीपुर





2 साल पहले शादी कर अपने भविष्य की उड़ान भरने वाली युवती जिसकी का सपना था की वह सिविल सर्विस एग्जाम में चयन होकर एक अधिकारी के रूप में अपना केरियर बनाना चाहती थी। इसके लिए उसने जी जान से तैयारी भी की परंतु तीन बार असफता हाथ लगने से वह हार गई और दो दिन पूर्व आए सिविल सेवा के परिणाम से निराश होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना मंगलवार रात की है जब मृतका दिव्या शर्मा का पति दीपक शर्मा थाने पहुंचा। यहां वह पुलिस के सामने फूट-फूट कर रोने लगा। जिसके बाद ये मामला सामने आया। मंगलवार देर रात ही दिव्या के परिजन खिलचीपुर पहुंचे। बुधवार को पुलिस, तहसीलदार, एफएसएल की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। मायके वालों ने हत्या की शंका जताते हुए शव का पोस्टमार्टम भोपाल में करवाने के लिए कहा। उन्होंने जमकर हंगामा किया। मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे, वह आत्महत्या नहीं कर सकती है।

सूचना पर खिलचीपुर एसडीओपी आनंद राय मौके पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच करवाने का आश्वासन दिया। परिजनों की मौजूदगी में तीन डॉक्टर की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस द्वारा वीडियोग्राफी भी करवाई गई। वहीं खिलचीपुर पहुंचे पिता धनश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार को इन लोगों का मेरे पास फोन आया था। इन्होंने बताया कि दिव्या को करंट लग गया है, जिस कारण उसकी मौत हो गई है। देर रात यहां पहुंचे तो पता चला बेटी ने फांसी लगाई है।

#### ससुराल में भी जारी रखी अधिकारी बनने की तैयारी

मृतक महिला के पति दीपक ने बताया कि 22 मई 2021 को भोपाल के बरखेड़ा पठानी की रहने वाली दिव्या से उसकी शादी हुई थी। वह पोस्ट ग्रेजुएट थी उसका सपना था की सिविल सर्विस के द्वारा बड़ा अधिकारी बनकर अपना लक्ष्य हासिल करेगी। पढ़ाई के लिए वह ससुराल को छोड़कर खिलचीपुर मेरे साथ ही रहती थी और सिविल सर्विस की तैयारी करती थी।

#### सुसाइड नोट की राइटिंग पर सवाल

मृतिका के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा हुआ है कि वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रही है। मेरी मौत की जिम्मेदार मैं खुद हूं। मेरे सास, ससुर, ननद, पति सभी बहुत अच्छे हैं। मैं अपनी लाइफ में किसी भी इंसान से कभी परेशान नहीं हुई। मेरे ससुराल वाले बहुत अच्छे हैं। मेरे पति बहुत केयरिंग हैं। मेरे लाइफ को लेकर कुछ सपने थे, जो पूरे नहीं हो पाए, इस वजह से ऐसा कदम उठा रही हूं। परंतु पिता ने बेटी के सुसाइड नोट पर सवालिया निशान लगा लगाते हुए राइटिंग पर ही सवाल उठा दिए हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया खुलासा

# राजगढ़ के व्यापारी से चोरी और छापीहेड़ा लूट के आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़/छापीहेड़ा



गत दिवस राजगढ़ मुख्यालय पर बैंक ऑफ इंडिया के बाहर खड़े व्यापारी की जेब से निकाले गए 50 हजार रुपए एवं छापीहेड़ा में बैंक कर्मचारी के साथ हुई लूट के मामलों को पुलिस ने अल्प समय में सुलझा लिया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बुधवार दोपहर प्रेसवार्ता आयोजित कर दोनों मामलों पर से पर्दा उठाया। राजगढ़ में हुई बैंक चोरी के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

इसी तरह छापीहेड़ा लूट घटना को 4 शातिर बदमाषों ने कारित किया था। आरोपियों ने अपने आप को बचाने कई हथकंडे अपनाए थे, लेकिन अंततः वे पुलिस के जाल में आ ही फंसे।

#### सीसीटीवी कैमरे से धराया चोर

मंगलवार को राजगढ़ में बैंक ऑफ इंडिया के चैनल गेट से अंदर जाने का प्रयास कर रहे अक्षत अनिल मेड़तवाल के कुर्ते की जेब से एक युवक 45 हजार की गड्डी निकालकर भाग गया था। घटना के बाद पुलिस ने बैंक एवं बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर को कुछ ही घंटों में धरदबोचा। आरोपी युवक की पहचान मुकेश वर्मा निवासी ग्राम बरखेड़ा के रूप में हुइ है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की पूरी 45 राशि भी बरामद कर ली है। रुपए चुराकर वो अपने गांव चला गया था और घर में पैसे छिपाकर रख दिए थे जिन्हें पुलिस ने बाद में घर जाकर जब्त किया। कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में इस वारदात को खुलासा किया है। इस पर एसपी ने पूरी टीम की सराहना की है। इस खुलासे में टीआई वीरसिंह ठाकुर, अमित त्यागी, शिवचरण यादव, लाखन, ललित तोमर, पंकज शर्मा, विक्रम धाकड़, शक्ति सहित पुलिस कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी खंगालने वाले दिलीप मीणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### चार आरोपियों ने दिया था छापीहेड़ा लूट को अंजाम

इसी तरह छापीहेडड़ा-संडावता मार्ग पर 15 अप्रेल को बैंक कर्मचारी हुई लूट के आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। चार लोगों ने इस लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके पास से लूट की राशि 52 हजार, एक मोबाइल, दो मोटरसाइकिल इस तरह कुल 1 लाख 72 हजार का माल बरामद किया है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों में आकाष कंजर, अविनाश कंजर, सौरभ उर्फ रोहन कंजर एवं शिवा कंजर सर्व निवासी छापीहेड़ा शामिल हैं। पुलिस की इस सफलता में छापीहेडा टीआई राजेंद्र ठाकुर, राहुल रघुवंशी, काशीराम मीणा, प्रकाश चौहान, फतेहसिंह, विवेक पाटिल की भूमिका रही।

### फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की बाउंड ओवर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

▶ आदतन अपराधियों को चेतावनी- नियमों का उल्लंघन करने पर सीधे भेजा जाएगा जेल

चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करने की हिदायत पुलिस के द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को दी जा रही है। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि बाउंड ओवर करने के बाद भी अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है तो उसे प्रक्रिया का उल्लंघन माना जाएगा। जिसमें आरोपी को सीधे एसडीएम कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

थानों के लिस्टेड गुंडे, निगरानी बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत अंतिम बाउंड ओवर की कार्रवाई पूरी की जाती है। जिन आदतन अपराधियों द्वारा अंतिम रूप से बाउंड ओवर होने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भी यदि अपराध किया जाता हैं। उनके खिलाफ एसडीएम कोर्ट से धारा-122 के तहत जमानत जब्त और बंधपत्र की बचे अवधि के लिए निरुद्ध करते हुए जेल भेजा जाता है। थानाप्रभारी संतोष बांघेल के अनुसार पुलिस कार्रवाई के अंतर्गत बाउंड ओवर एक प्रकार का अनुबंध है। जिसमें लोग शपथपूर्वक आगामी समय तक अपराध से दूर रहने की लिखित सहमति देते हैं। बाउंड ओवर उल्लंघन पर पुलिस केस दर्ज करती है। 22 फरार वारंटियों की गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# शरारती तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा : अरविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



गुरुवार को निकलने वाले रामनवमी जुलूस और अखाड़ा को लेकर पुलिस ने ली बैठक । सारंगपुर थाना परिसर में रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस की तैयारी को लेकर आयोजकों की बैठक आयोजित गई। बैठक में माली समाज के कस्बा सारंगपुर के 6 प्रमुख मोहल्ले के अध्यक्ष और पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर जुलूस, अखाडा के संबंध में जानकारी ली गई। सारंगपुर में आयोजित बैठक में विभिन्न अखाडों के सदस्यों से चर्चा की गई। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि इस दौरान पुलिस सतर्क रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर कहीं किसी तरह की गडबडी होने की संभावना हो तो उसके बारे में अविलंब सूचना दें। शरारती तत्वों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। यह भी कहा गया कि अफवाह पर ध्यान नहीं दिया जाए। पूजा कहां-कहां होनी है और कहां जुलूस निकलेगा इस बारे में जानकारी ली गई। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करने को कहा गया। साथ ही कहीं भी किसी तरह की गडबडी नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। इस दौरान तय रूट और तय समय पर अखाडा निकालने को कहा गया है। मौके पर एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि पर्व को भाईचारा माहौल में मनाएं। सिंह ने कहा कि किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दें। कहीं से कोई भी सूचना हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जुलूस में कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन करने वाले शामिल न हों। हमारी असामाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखेगी। पुलिस को हर चैक-चैराहे पर तैनात किया जाएगा। इस मौके पर थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला, नपाकर्मी गोकुल पुष्पद सहित समाजजन उपस्थित थे।

फूलमाली समाज धूमधाम से मनाएगा दो दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव, विजयादशमी को निकलेगा चल समारोह। उल्लेखनीय है कि नगर के सकल पंच फूल माली समाज के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 17 अप्रैल बुधवार को समाज के सभी मोहल्ला जिसमे बागकुआ टंकी, मुकेरवाडी, भैरूदरवाजा, पछेटवाडी, किडी , खारीया के मंदिरों में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन गुरुवार को एवं नगर पालिका के स्टाफ द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

# अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के प्रदेश सह संयोजक बने तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ का कार्य मां नर्मदा के परिक्रमा वासियों की सेवा करने का कार्य निरन्तर कई वर्षों से मां रेवा के पावन घांटों पर सेवा समर्पण करते चले आ रहे पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, जो कि जीवन पर्यन्त संकल्प ले चुके धर्म के रक्षक पंडित दामोदर अवधनारायण तिवारी (गीता, गौ दास) को अखिल भारतीय मां नर्मदा सेवा संघ द्वारा मध्य प्रदेश का सह संयोजक के पद का दायित्व सौंपा गया है। उक्त महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर तिवारी द्वारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौबे, मनीषा दीदी, ज्योति दीदी (राष्ट्रीय सह संयोजक), रामेश्वर शर्मा संयोजक म.प्र. सुदाम नाना शिंदे प्रभारी म.प्र. एवं सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया एवं सभी मध्य प्रदेश वासियों से आग्रह किया कि जगदंबा मां रेवा के परिक्रमावासी भक्तो का स्वागत वंदन अपने घर, गांव, नगर, जिले में सादर पूर्वक करें। क्योंकि भक्त के वश में है भगवान की भावना से ओतप्रोत होकर अथिति देवो भवरू के सिद्धांत का प्रतिपादन करते।

# रामनवमी पर श्रीराम को मिला नव निर्मित मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



एक तरफ जहां स्थानीय श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी में भागवत आचार्य हरिओम महाराज के मुखारविन्द से चल रही श्रीमद भागवत कथा के छटवे दिन मंगलवार रात्रि को श्रोताओं ने कथा का आनंद लिया। वहीं दूसरी तरफ रंगेरवाड़ी स्थित प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद भव्य मंदिर में रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम दरबार, दुर्गा माता व श्री गणेश की पुन रू प्रतिष्ठा हुई।

रामनवमी का रंगेरवाड़ी के रामभक्तों को बेसब्री से इंतजार था। लंबे समय के बाद रामलला अपने नए मंदिर में बिराजे हैं। ऐसे में इस बार प्रभु के आगमन की खुशी अलग ही महसूस की जा रही थी। इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी मांगीलाल सोलंकी, पर्यावरण प्रेमी जयहिंद प्रकाश दुबे, पूनमचंद खंडेलवाल, हुकुम चंद भावसार, दीपू दास बैरागी, श्रीवल्लभ सोनी, केशव लाल राठौर, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, रमेश चंद्र कनासिया, लक्ष्मी नारायण सोलंकी, विष्णु जोशी अनिरुद्ध (हनी) सोलंकी, अंकुर सोनी, प्रशांत खंडेलवाल, लतेश सोलंकी सहित कई महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

### नप खुजनेर ने स्वीप गतिविधि के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन

# मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर




नगर परिषद खुजनेर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत बुधवार को नगर के शीतला माता मंदिर तथा श्री राम मंदिर में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। रामनवमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर से निकलने वाले जुलूस में नागरिकों को मतदान की महत्ता के बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा बताया गया। साथ ही सभी को मतदान अवश्य करने के लिए जागरुक किया गया। श्री राम मंदिर चरणदास जी मंदिर में महाआरती के समय उपस्थित नागरिकों को भी लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान अवश्य करें तथा अपने कर्तव्य का पालन करने की बात कहीं। इस अवसर पर भूपेंद्र लोहिया, अमित यादव, जगदीश यादव, मनोज शर्मा, अनुपम शर्मा, धर्मेंद्र पालीवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रामनवमी का पर्व नगर सहित जिलेभर में भक्तिभाव के साथ मनाया, मंदिरों में महाआरती के आयोजन हुए

# श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाला चल समारोह, महाआरती में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा






श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर श्रीराम दरबार में महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। तपतपाती गर्मी में मंदिर परिसर में जगह नहीं होने से श्रद्धालु खुले आसमान के नीचे बाहर प्रांगण में खड़े रहे। श्री राम दरबार में दोपहर 12 बजे महाआरती शुरू हुई। बड़े, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी महाआरती के आयोजन में शामिल हुए। समूचा मंदिर प्रांगण भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार सहित जनप्रतिनिधि, धर्मप्रेमी नागरिक महाआरती के आयोजन में शामिल हुए। आकर्षक श्रृंगार के साथ ही विद्युत साज-सज्जा की गई। नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर धाम पर रामायण पाठ सहित धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

नरसिंहगढ़ में भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पर्व बुधवार को शहर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में भव्यराज मित्र मंडल ने देर दोपहर कंतोड़ा हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना उपरांत भगवान श्रीराम का चल समारोह निकाला जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए धर्मशाला मंदिर पहुंचा। जहां रामलला की महाआरती के साथ चल समारोह का समापन किया गया। इस चल समारोह में अयोध्या की तर्ज पर नगर के कलाकार गबू प्रजाप्रति द्वारा बनाई गई भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा नगरवासियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। चल समारोह में शामिल युवा भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। चल समारोह का स्थान-स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से विधायक मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, महंत दीपेंद्र दास, प्रतीक खीची, सुदीप शर्मा, देवेंद्र परमार, राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। आयोजन में गणेश, लवकुश अखाड़ा भी सम्मिलित हुआ जिनके कलाकारो ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए।

#### घर-घर जन्मे राम

रामनवमी के मौके पर शहर के सभी प्रमुख मंदिरों और घर-घर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान का अद्भुद श्रृंगार किया गया। दोपहर बारह बजते ही मंदिरों और घरों में शंख लहरियो के बीच भए प्रकट कृपाला चौपाई गाकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। लोगो ने एक दूसरे को पर्व की बधाईयां भी प्रेषित की।

#### धूमधाम के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



खुजनेर में भी फूल माली समाज द्वारा हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी रामनवमी पर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव बड़े धुमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर फुल माली समाज द्वारा भगवान श्रीराम का विशाल चल समारोह शहर में निकाला गया। जिसमें भगवान श्री राम की झांकी के साथ समाजजन सहित श्रद्धालुगण श्री राम जी के गीत एवं भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। चल समारोह माता जी मोहल्ले से प्रारंभ हुआ। जो राजगढ़ चैराहा,शिवा जी बाजार,झांड पीपल, मस्जिद चैक, पुराना थाना,इमली बाजार, जीरापुर रोड़ होते हुऐ खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा जहां महाआरती के बाद चल समारोह राजगढ़ रोड़ होते हुए। माली समाज धर्मशाला पहुंचा। जहां समाजजन द्वारा सामूहिक आरती के बाद प्रसादी ग्रहण कि वही चल समारोह का शहर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।